Adda247

# CG TET Hindi Pedagogy Questions with Solutions (30 Questions)

**Q1.** नीलिमा एक चिकित्सक है । वह एक पुस्तक पढ़ती है जो 'मानव शरीर में कोविड-19टीकाकरण कैसे काम करता है के बारे में हैं। वह इस पुस्तक को इस उद्देश्य से पढ़ती हैं कि इसको अभ्यास में ला सके और अपने विद्यार्थियों को पढ़ा सके। इस प्रकार के पठन को क्या कहतें हैं ?
(a) गहन विस्तृत पठन
(b) बारीकी से पढ़ना
(c) सरसरी तौर पर पढ़ना
(d) तीव्र पठन

**Q2.** भारत में अंग्रेज़ी को क्या स्थान दिया गया है ?
(a) कार्यालयी भाषा
(b) सह कार्यालयी भाषा
(c) अकादमिक भाषा
(d) उच्च शिक्षा की श्राषा

**Q3.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(a) बच्चों द्वारा सीखी जा रही तीन भाषाओं में से कम से कम दो भाषाएँ भारत की होनी चाहिए
(b) बच्चों द्वारा सीखी जा रही तीन भाषाओं में से एक भारत की शास्त्रीय भाषा होनी चाहिए।
(c) बच्चों द्वारा सीखी जा रही तीन भाषाओं में से एक विदेशी भ्राषा होनी चाहिए।
(d) बच्चों द्वारा सीखी जा रही तीन भाषाओं में से एक भारत की भाषा होनी चाहिए।

**Q4.** 'पठन में 'अर्थगत संकेत' से क्या तात्पर्य है?
(a) किसी एक शब्द का अर्थ
(b) शब्दों के उच्चारण हेतु संकेत
(c) व्याकरणिक तत्वों को समझने के लिए संकेत
(d) अर्थ समझने की प्रक्रिया में मदद करने वाले संकेत

**Q5.** "सभी बच्चे अपनी विद्यालयी शिक्षा अपनी मातृभाषा में आरंभ करते हैं और आगे जाकर कम से कम दो और भाषाएँ पढ़ते हैं।" इसे क्या कहा जाएगा?
(a) त्रिभाषा सूत्र
(b) मातृभाषा आधारित बहुभाषावाद
(c) एक युक्ति के रूप में बहुभाषावाद
(d) शिक्षा नीति में भाषा

**Q6.** निपुन (NIPUN) से तात्पर्य है
(a) 2025 तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्राप्त करने से जुड़ा भारत सरकार का महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम
(b) 2028 तक माध्यमिंक भाषा के सार्वजनी करण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम
(c) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन
(d) राष्ट्रीय शिक्षा युक्ति

**Q7.** 'लिखना' सीखने के लिए शिक्षार्थी कई चरणों से गुजरता है| इसे क्या कहा जाएगा ?
(a) लेखन का उत्पाद उपागम
(b) लेखन का प्रक्रिया उपागम
(c) आरंभिक लेखन युक्तियाँ
(d) समग्र भाषा पद्धति

**Q8.** पद्य शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है
(a) साहित्यिक भाषा के रस की सराहना करना और आनन्द लेना।
(b) भाषा और कविता की भाषा सीखना।
(c) कविता में प्रयुक्त व्याकरणिक पहलुओं को सीखना।
(d) यह सीखना कि कवि क्या सोचती/सोचता है।

**Q9.** व्याकरण शिक्षण अधिगम में अर्थ से आकृति की समझ बनाना क्या कहलाता है ?
(a) प्रक्रियात्मक ज्ञान
(b) घोषणात्मक ज्ञान
(c) प्रक्रिया उपागम
(d) उत्पाद उपागम

**Q10.** एक अध्यापिका एक बार में ही शिक्षार्थियों द्वारा की गई गलतियों को इकट्ठा करती है और बिना किसी शिक्षार्थी का नाम लिए कक्षा में इन गलतियों पर चर्चा करती है। वह क्या करने का प्रयत्न करती है ?
(a) वह शिक्षार्थियों को उनके भाषा प्रयोग पर प्रतिपुष्टि दे रही है।
(b) वह अपने शिक्षार्थियों की गलतियाँ बता रही है।
(c) वह चर्चा के माध्यम से भाषा पढ़ा रही है।
(d) वह उपचारात्मक शिक्षण कर रही है।

**Q11.** एक अध्यापक कक्षा आठ के विद्यार्थियों को अपने शहर/गाँव में भ्रमण कर ऐतिहासिक स्मारकों और महत्त्वपूर्ण स्थानों के बारे में जानकारी एकत्र करनें के लिए कहती हैं जिससे कि वे पर्यटकों के लिए पोस्टर तैयार कर सकें | इस गतिविधि को किस रूप में जाना जाएगा?
(a) परियोजना
(b) परियोजना कार्य
(c) प्रदत्त कार्य
(d) समूह कार्य

**Q12.** भाषा के अध्ययन को किस रूप में जाना जाता है?
(a) भाषा शिक्षाशास्त्र
(b) भाषा विज्ञान
(c) भाषा का व्याकरण
(d) संदर्भ में भाषा अधिगम

**Q13.** सीखने के अधिगम प्रतिफलों का उद्देश्य किसे समुन्नत करना है ?
(a) कौशल आधारित भाषा अधिगम
(b) दक्षता आधारित भाषा अधिगम
(c) विषयवस्तु में प्रवीणता
(d) भाषा के व्याकरणिक ज्ञान की पूरी समझ

**Q14.** कक्षा छह में पढ़ने वाला विद्यार्थी रहीम किसी पाठ्यसामग्री को पढ़ते समय उसका अर्थ समझने के लिए अपने पूर्व ज्ञान का प्रयोग करता है | वह पठन के किस मॉडल का इस्तेमाल कर रहा है?
(a) टॉप डाउन मॉडल
(b) बॉटम अप मॉडल
(c) प्रक्रिया मॉडल
(d) उत्पाद मॉडल

**Q15.** प्रामाणिक पाठ्यसामग्री क्या है ?
(a) किसी भी उद्देश्य के लिए लिखी गई पाठ्य-सामग्री जिसे भाषा के शिक्षण-अधिगम में प्रयोग में लाया जा रहा है।
(b) पाठ्यपुस्तक के लेखकों द्वारा उद्देश्य के साथ लिखी गई पाठ्य-सामग्री जिसे भाषा के शिक्षण-अधिगम में प्रयोग में लाया जा रहा है।
(c) भाषाओं के शिक्षण-अधिगम के लिए सामग्री।
(d) भाषाओं के शिक्षण-अधिगम के लिए अध्यापकों द्वारा कृत्रिम रूप से तैयार की गई पाठ्य-सामग्री।

**Q16.** भाषा का अध्ययन क्या कहलाता है ?
(a) भाषा व्यवस्था
(b) भाषा विज्ञान
(c) भाषा प्रक्रिया
(d) भाषा का व्याकरण

**Q17.** त्रि-भाषा सूत्र का उद्देश्य क्या है ?
(a) बहुभाषावाद आधारित मातृभाषा को समुन्नत करना
(b) विद्यालय में सभी भाषाओं को समुन्नत करना
(c) हिन्दी व अंग्रेजी के साथ-साथ शिक्षार्थियों की भाषा को समुन्नत करना
(d) राज्य की तीन भाषाओं को अनिवार्य रूप से सीखना

**Q18.** स्वाति, कक्षा छह की अध्यापिका कक्षा में शब्दावली सिखाने के लिए कक्षा में कुछ वस्तुएँ लाती हैं और समूची कक्षा में चर्चा के माध्यम से उन वस्तुओं से जुड़े विचार व भावनाओं पर बात करती है। उसके द्वारा कक्षा में इस्तेमाल की जा रही वस्तुओं को किस रूप में ज़ाना जाएगा ?
(a) शिक्षण सामग्री
(b) वास्तविक वस्तुएँ (रीयलिया)
(c) गतिविधि-आधारित अधिगम
(d) शिक्षार्थी-केन्द्रित अधिगम

**Q19.** 'एक अध्यापिका एक समाचार-पत्र या किसी पत्रिका से पाठ्यसामग्री लेना चाहती है । उसने शिक्षार्थियों की आयु तथा संज्ञानात्मक स्तर को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त पाठ्य-सामग्री का चयन किया | पाठ्यसामग्री के चयन के क्या मानदंड रहे होंगे?
(a) विषयवस्तु और मनोवैज्ञानिक रूप से वैधता
(b) विषयवस्तु की वैधता
(c) मनोवैज्ञानिक वैधता
(d) सामाजिक और भाषिक वैधता

**Q20.** भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के अनुसार कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है ?
(a) 22
(b) 221
(c) 16
(d) 18

**Q21.** समझ और अभ्यास के माध्यम से व्याकरण सीखना क्या है?
(a) कार्यविधिक ज्ञान
(b) घोषणात्मक ज्ञान
(c) भाषा के बारे में ज्ञान
(d) व्याकरणिक ज्ञान

**Q22.** 'समूची पाठ्यचर्या में भाषा' दृष्टिकोण किस बात की पहचान करता है ?

(a) सभी तरह का अधिगम भाषा अधिगम है।

(b) सभी विषयों की विषयवस्तु सीखने में भाषा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

(c) विषय विशेष के अध्यापक को अपनी कक्षा में भाषा पर ध्यान देने की ज़रूरत नहीं है |

(d) विद्यालय में श्राघाओं की अपेक्षा अन्य दूसरे विषय अधिक महत्त्वपूर्ण हैं |

**Q23.** सतत एवं व्यापक आकलन के संदर्भ में कौन-सा सही नहीं है?

(a) शिक्षार्थी को अध्यापक से प्रतिपुष्टि प्राप्त होती है।

(b) सावधिक रूप से शिक्षार्थी का आकलन करना |

(c) शिक्षार्थी का सतत रूप से आकलन करना |

(d) शिक्षार्थी आकलन के तरीकों को जानते हैं |

**Q24.** किरन पर्वतों के बारे में रोचक तथ्य जानने के लिए समाचार-पत्र पढ़ती है | इस प्रकार के पठन को क्या कहा जाएगा ?

(a) नोट बनाना/टिप्पणी लिखना

(b) सरसरी तौर पर पढ़ना

(c) ऊँचे स्वर में पढ़ना

(d) बारीकी से पढ़ना

**Q25.** एक बालक दिल्ली से हैदराबाद स्थानान्तरित होता है और वह अपने साथियों और आस-पड़ोस के लोगों से अन्तःक्रिया कर तेलुगु सीखता है। इस सीखने को क्या कहा जाएगा ?

(a) भाषा अधिगम

(b) भाषा अर्जन

(c) भाषा का जुड़ना

(d) भाषा प्रक्रियाएँ

**Q26.** निम्नलिखित में से कौन-सा पद्य शिक्षण के संबंध में सही है?

(a) काव्य भाषा अर्जन के लिए है

(b) काव्य व्याकरण अधिगम के लिए है

(c) काव्य सराहना बोध और आनंद के लिए है

(d) काव्य ज्ञान अर्जन के लिए है

**Q27.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन की अनुशंसा किस रूप में करती है ?

(a) अतिरिक्त विकल्प के रूप में

(b) त्रि-भाषा सूत्र के अन्तर्गत

(c) विद्यालय के आरंभिक वर्षों में

(d) विश्वविद्यालय स्तर पर

**Q28.** लेखन क्या है ?

(a) इसमें अभ्यास की आवश्यकता नहीं है |

(b) उत्पाद-आधारित गतिविधि है |

(c) प्रक्रिया-आधारित गतिविधि है।

(d) शिक्षार्थी एक ही बार में लिखना सीख लेते हैं।

**Q29.** एक अध्यापिका कक्षा के विद्यार्थियों को पाँच-पाँच के समूह में बाँटती है। वह उनको कुछ थीम और टॉपिक देती हैं। विद्यार्थियों को इन थीम और टॉपिक पर आवश्यक सूचनाओं का संग्रहण करना है , उनकी व्याख्या करनी है और समूची कक्षा में प्रस्तुत करने के लिए रिपोर्ट तैयार करनी है। इस गतिविधि को किस रूप में जाना जाएगा ?

(a) कार्य

(b) समूह कार्य

(c) रचनावादी गतिविधि

(d) परियोजना कार्य

**Q30.** 'निपुन भारत' क्या है?

(a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शिक्षा को समुन्नत करने के लिए राष्ट्रीय पहल है

(b) प्रौढ़ साक्षरता एवं संज्ञा ज्ञान को समुन्नत करने का भारत सरकार का कार्यक्रम

(c) छोटी आयु वाले शिक्षार्थियों में पठन एवं संख्या बोध समुन्नत करने के लिए भारत सरकार का कार्यक्रम

(d) मातृभाषा-आधारित शिक्षा को समुन्नत करने का राष्ट्रीय कार्यक्रम

## Solutions

**S1. Ans.(d)**
**Sol.**नीलिमा एक चिकित्सक है | वह एक पुस्तक पढ़ती है जो 'मानव शरीर में कोविड- १९ टीकाकरण कैसे काम करता है के बारे में है | वह इस पुस्तक को इस उद्देश्य से पढ़ती है की इसको अभ्यास में ला सके और अपने विद्यार्थियों को पढ़ा सके, इस प्रकार के पठन को तीव्र पठन कहते है|

**S2. Ans.(b)**
**Sol.**भारत में अंग्रेजी को सह - कार्यालयी भाषा का स्थान दिया गया है|

**S3. Ans.(a)**
**Sol.**राष्ट्रीय शिक्षा निति २०२० के बारे में सही कथन है की बच्चो द्वारा सीखी जा रही तीन भाषाओ में से कम से कम दो भाषाएँ भारत की होनी चाहिए|

**S4. Ans.(d)**
**Sol.**पठन में 'अर्थगत संकेत' से तात्पर्य अर्थ समझने की प्रक्रिया में मदद करने वाले संकेत से है|

**S5. Ans.(b)**
**Sol.**"सभी बच्चे अपनी विद्यालयी शिक्षा अपनी मात्रभाषा में आरम्भ करते है और आगे जाकर कम से कम दो भाषाएँ पढ़ते है |" इसे मात्रभाषा आधारित बहुभाषावाद कहा जायेगा|

**S6. Ans.(a)**
**Sol.**निपुन से तात्पर्य: २०२५ तक बुनियादी साक्षरता एंव संख्या ज्ञान प्राप्त करने से जुडा भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम से है |

**S7. Ans.(b)**
**Sol.**'लिखना' सीखने के लिए शिक्षार्थी कई चरणों से गुजरता है, यह प्रक्रिया लेखन का उत्पाद उपागम कहलाती है |

**S8. Ans.(a)**
**Sol.**पद्य शिक्षण का मुख्य उद्देश्य है: साहित्यिक भाषा के रस की सराहना करना और आनंद लेना|

**S9. Ans.(a)**
**Sol.**व्याकरण शिक्षण अधिगम में अर्थ से आकृति की समझ बनाना प्रक्रियात्मक ज्ञान कहलाता है|

**S10. Ans.(a)**
**Sol.**यदि अध्यापिका एक बार में ही शिक्षार्थियों द्वारा की गयी गलतियों को इक्टठा करती है और बिना किसी शिक्षार्थी का नाम लिए कक्षा में इन गलतियो पर चर्चा करने का अर्थ है की अध्यापिका शिक्षार्थियो को उनके भाषा प्रयोग पर प्रतिपुष्टि दे रही है|

**S11. Ans.(b)**
**Sol.**एक अध्यापिका कक्षा आठ के विद्यार्थियों को अपने शहर/गाँव में भ्रमण कर एतिहासिक स्मारकों और महत्वपूर्ण स्थानों के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए कहती है, जिससे की वे पर्यटकों के लिए पोस्टर तैयार कर सके, इस गतिविधि को परियोजना कार्य के रूप में जाना जायेगा|

**S12. Ans.(b)**
**Sol.**भाषा के अध्ययन को भाषा विज्ञान के रूप में जाना जाता है|

**S13. Ans.(b)**
**Sol.**सीखने के अधिगम प्रतिफलों का उद्देश्य दक्षता आधारित भाषा अधिगम को समुन्नत करना है|

**S14. Ans.(a)**
**Sol.**कक्षा छह में पढने वाला विद्यार्थी रहीम, किसी पाठ्यसामग्री को पढ़ते समय उसका अर्थ समझने के लिए अपने पूर्व ज्ञान का प्रयोग करता है, इस प्रकार वह पठन के टॉप डाउन मॉडल का इस्तेमाल कर रहा है|

**S15. Ans.(a)**
**Sol.**किसी भी उद्देश्य के लिए लिखी गयी पाठ्यसामग्री जिसे भाषा के शिक्षण अधिगम में प्रयोग में लाया जाता है, प्रामाणिक पाठ्य सामग्री कहलाती है |

**S16. Ans.(b)**
**Sol.**भाषा का अध्ययन भाषा विज्ञान कहलाता है|

**S17. Ans.(a)**
**Sol.**बहुभाषावाद आधारित मात्रभाषा को समुन्नत करना ही त्रि भाषा सूत्र का उद्देश्य है|

**S18. Ans.(b)**
**Sol.**स्वाती, कक्षा छह की अध्यापिका कक्षा में शब्दावली सिखाने के लिए कक्षा में कुछ बस्तुएं लाती है और समूची कक्षा में चर्चा के माध्यम से उन वस्तुओं से जुड़े विचार व् भावनाओं पर बात करती है, उसके द्वारा कक्षा में इस्तेमाल की जा रही वस्तुओ को वास्तविक वस्तुओ के रूप में जाना जायेगा|

**S19. Ans.(a)**

**Sol.**"एक अध्यापिका एक समाचार पत्र या किसी पत्रिका से पाठ्यसामग्री लेना चाहती है, उसने शिक्षार्थियो की आयु तथा संज्ञानात्मक स्तर को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त पाठ्य सामग्री का चयन किया, विषयवस्तु और मनोवैज्ञानिक रूप से वैधता पाठ्यसामग्री के चयन के मानदंड रहे होंगे|

**S20. Ans.(a)**

**Sol.**भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के अनुसार २२ भाषाओ को मान्यता दी गयी है|

**S21. Ans.(a)**

**Sol.**समझ और अभ्यास के माध्यम से व्याकरण सीखना कार्यविधिक ज्ञान है|

**S22. Ans.(b)**

**Sol.**'समूची पाठ्यचर्या में भाषा' दृष्टीकोण सभी विषयों की विषयवस्तु सीखने में भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका की पहचान करता है|

**S23. Ans.(c)**

**Sol.**शिक्षार्थी का सतत रुप से आकलन करना, सतत एंव व्यापक आकलन के संदर्भ में सही नही है|

**S24. Ans.(d)**

**Sol.**किरन पर्वतों के बारे में रोचक तथ्य जानने के लिए समाचार पत्र पढ़ती है, इस प्रकार के पठन को बारीकी से पढना कहा जायेगा|

**S25. Ans.(b)**

**Sol.**एक बालक दिल्ली से हैदराबाद स्थानांतरित होता है और अपने साथियों और आस पड़ोस के लोगो से अंत: क्रिया कर तेलगु सीखता है, इस प्रकार सीखने को भाषा अर्जन कहा जायेगा|

**S26. Ans.(c)**

**Sol.**"काव्य सराहना बोध और आनंद के लिए है" कथन पद्य शिक्षण के सम्बन्ध में सही है|

**S27. Ans.(a)**

**Sol.**राष्ट्रीय शिक्षा निति २०२० शास्त्रीय भाषाओ के अध्ययन की अनुशंशा अतिरिक्त विकल्प के रूप में करती है|

**S28. Ans.(c)**

**Sol.**लेखन, प्रक्रिया आधारित गतिविधि है|

**S29. Ans.(d)**

**Sol.**एक अध्यापिका कक्षा के विद्यार्थियों को पाँच पाँच के समूह में बाँटती है, वह उनको कुछ थीम और टॉपिक देती है, विद्यार्थियों को इन थीम और टॉपिक पर आवश्यक सूचनाओं का संग्रहण करना है, उनकी व्याख्या करनी है और समूची कक्षा में प्रस्तुत करने के लिए रिपोर्ट तैयार करनी है, इस गतिविधि को परियोजना कार्य के रूप में जाना जायेगा|

**S30. Ans.(c)**

**Sol.**छोटी आयु वाले शिक्षार्थियों में पठन एंव संख्या बोध समुन्नत करने के लिए भारत सरकार का कार्यक्रम 'निपुण भारत' है|